Years 1920-2020

University of Lucknow | Centenary Year

लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी वर्ष

# University in News on 20 May 2020

## AMAR UJALA MY CITY Page 1 & 5

### लविवि में अब 13 जून तक आवेदन

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक, परास्नातक, प्रबंधन, बीपीएड और एमपीएड पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 13 जून तक बढ़ा दी है।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के निर्देश पर मंगलवार को इसका आदेश जारी कर दिया गया। आवेदन फॉर्म विवि की वेबसाइट



lkouniv.ac.in पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से भरे जा सकते हैं। स्नातक की साढ़े तीन हजार और परास्नातक की करीब साढ़े चार हजार सीट के लिए आवेदन मांगे गए हैं। लॉकडाउन की वजह से विवि प्रशासन इससे पहले भी आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ा चुका है। बीटेक व एमबीए के दाखिले राज्य प्रवेश परीक्षा के माध्यम से लिए जाएंगे।

### प्रो. एएम सक्सेना को परीक्षा नियंत्रक की भी जिम्मेदारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के शिक्षक प्रो. एएम सक्सेना अब परीक्षा नियंत्रक की अतिरिक्त जिम्मेदारी भी निभाएंगे। प्रो. सक्सेना को नियमित परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंजनी कुमार मिश्र का कुलसचिव आगरा विवि के पद पर स्थानांतरण होने से यह जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. अंजनी ने मंगलवार को प्रो. सक्सेना को चार्ज दिया है। पूर्व परीक्षा नियंत्रक ने लविवि में पहली बार ऑनलाइन मूल्यांकन के साथ डिग्री और अंकपत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के पोर्टल तैयार कराए हैं।

## HINDUSTAN Page 6

### प्रो. सक्सेना परीक्षा नियंत्रक बने

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के जन्तु विज्ञान विभाग के प्रो. एएम सक्सेना को परीक्षा नियंत्रक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने मंगलवार को यह आदेश जारी किया। विश्वविद्यालय के निवर्तमान परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा का स्थानांतरण कुलसचिव डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के पद पर हो गया था। बता दें, कि डॉ. अंजनी कुमार मिश्रा की परीक्षा नियंत्रक पद पर लखनऊ विश्वविद्यालय में पहली तैनाती थी।

## RASHTRIYA SAHARA Page 5

### प्रो. ए.एम. सक्सेना बने परीक्षा नियंत्रक

लखनऊ (एसएनबी) । लखनऊ विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक अंजनी कुमार मिश्रा के आगरा विश्वविद्यालय ट्रांसफर हो जाने के कारण अव लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ए. एम. सक्सेना को यहां का नया परीक्षा नियंत्रक वनाया गया है। करीव डेढ़ हफ्ते पहले अंजनी मिश्रा का तवादला आगरा विश्वविद्यालय हुआ था, ऐसे में वह रिलीव होने के लिए अभी तक रुके हुए थे । सोमवार को रिलीव होने के वाद मंगलवार को प्रोफेसर ए.एम. सक्सेना को इस पद का दायित्व दे दिया गया है ।